8. Selected candidate will have to submit a certificate of his/her fitness from a Government/Registered Medical Practitioner. In case of women candidates pregnant beyond twelve weeks will render her temporarily unfit till the confinement is over. The women candidate should be re-examined for fitness from an authorized Medical Officer/Practitioner.

9. Contract Manager (Industrial Estate) shall be entitled to TA/DA if required to go on tour in connection with his official duties at the same rate as applicable to regular counter-part Manager (Industrial Estate), at the minimum of pay scale.

10. The Employees Group Insurance Scheme as well as EPF/GPF will not be applicable to the contractual appointee(s).

IN WITNESS the FIRST PARTY And SECOND PARTY have herein to set their hands the day, month and year first, above written.

IN THE PRESENCE OF WITNESS:

1. _____
_____
_____
(Name and Full Address)
(Signature of the FIRST PARTY)

2. _____
_____
_____
(Name and Full Address)

IN THE PRESENCE OF WITNESS:
1. _____
_____
_____
(Name and Full Address)
(Signature of the SECOND PARTY)

2. _____
_____
_____
(Name and Full Address)

ब अदालत श्री आर0 डी0 हरनोट, नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हि0 प्र0

मुकद्दमा नं0 15/NT.

श्री मदन लाल बनाम आम जनता।

विषय.––प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13 (3) हिमाचल प्रदेश पंजीकरण अधिनियम, 1969.

नोटिस बनाम आम जनता।

श्री मदन लाल पुत्र श्री अन्नत राम, निवासी ओडर, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा ने इस इस अदालत में शपथ–पत्र सहित मुकद्दमा दायर किया है कि उसकी पुत्री Anshika का जन्म दिनांक 14–1–2004 है परन्तु ग्राम पंचायत कलयाड़ा में जन्म पंजीकृत न है। अतः इसे पंजीकृत किये जाने के आदेश दिये जायें। इस नोटिस के द्वारा समस्त जनता को तथा सम्बन्धित सम्बन्धियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त अनशिखा का जन्म पंजीकरण किये जाने बारे कोई एतराज हो तो वह अपना एतराज हमारी अदालत में दिनांक 14–8–2008 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है। अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र जन्म तिथि पंजीकृत किये जाने बारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 8–7–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर ।

आर0 डी0 हरनोट,
नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी,
तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)।

———————

ब अदालत श्री सोम दत्त शर्मा, सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, उप–तहसील कमरऊ, जिला सिरमौर (हि0 प्र0)

श्री जंगली राम पुत्र श्री धनिया राम, गांव भियाली (शरली–मानपुर), उप–तहसील कमरऊ, जिला सिरमौर (हि0 प्र0)।

बनाम

आम जनता

प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969.

श्री जंगली राम पुत्र श्री धनिया राम, गांव भियाली (शरली–मानपुर), ने इस अदालत में एक प्रार्थना–पत्र गुजारा है कि उसके लड़के गोपाल का जन्म तिथि 7–5–1999 को हुआ परन्तु अज्ञानतावश वह उसके जन्म तिथि ग्राम पंचायत शरली–मानपुर, के रिकार्ड में दर्ज नहीं करा सका है अथवा दर्ज की गई है जो गलत है।

अतः सर्वसाधारण को इस इश्तहार के मार्फत सूचित किया जाता है कि यदि इस बारे किसी को कोई उजर / एतराज हो तो वह दिनांक 8–8–2008 को प्रातः 11.00 बजे अदालत हजा स्थित पांवटा में असालतन या वकालतन हाजिर आकर दर्ज करा सकता है निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई आपत्ति प्राप्त न होने की सूरत में प्रार्थना–पत्र श्री जंगली राम पुत्र श्री धनिया पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक 8–7–2008 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर। सोम दत्त शर्मा,
सहायक द्वितीय श्रेणी, उप–तहसील कमरऊ,
जिला सिरमौर (हि0 प्र0)।

———————

ब अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पांवटा साहब, जिला सिरमौर, (हि0 प्र0)

मिसल नम्बर : 20 / 2008 तारीख पेशी 24–7–08

मिसल तकसीम जेर 123 हिमाचल प्रदेश भू–राजस्व अधिनियम,1954 वाकया मौजा कोलर, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश ।

ब मुकद्दमा जीवन सिंह बनाम गगवीर सिंह

इश्तहार / नोटिस बनाम प्रतिवादीगण नम्बर : 31 सतविन्दर सिंह s/o श्री जयवीर सिंह, नम्बर 32 यश पाल सिंह s/o श्री जय वीर सिंह, नम्बर 33 लक्ष कुमार s/o श्री मुरारी लाल, r/o Vill कोलर, तहसील पांवटा साहिब ।

मुकद्दमा उपरोक्त में प्रतिवादीगण की तलबी आसान तरीके से न हो पा रही है । अतः प्रतिवादीगण को इस नोटिस / इश्तहार से सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त मुकद्दमे की पैरवी हेतू मिति 24–07–08 को प्रातः 10.00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर अदालत होने अन्यथा गैर हाजरी की सूरत में कार्यवाही एकतरफा अमल में लाई जायेगी ।

आज दिनांक 07–07–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया ।

मोहर ।

हस्ता0 / –
सहायक समहर्ता प्रथम श्रेणी,
पांवटा साहिब, जिला सिरमौर (हि0 प्र0)।

———————

ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी, तहसील लड–भड़ोल, जिला मण्डी (हि0 प्र0)

श्रीमती प्रकाशा देवी पत्नी श्री धनी राम, निवासी गांव ममाण, तहसील लड–भड़ोल, जिला मण्डी (हि0 प्र0)

. . वादी।

बनाम

आम जनता . . प्रतिवादी।

प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969.

श्रीमती प्रकाशा देवी पत्नी श्री धनी राम, निवासी गांव ममाण, तहसील लड–भड़ोल, जिला मण्डी (हि0 प्र0) ने जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अन्तर्गत इस अदालत में शपथ–पत्र सहित मुकद्दमा दायर किया है कि उसकी जन्म तिथि 1956 ग्राम पंचायत ममाण बनान्दर में दर्ज है जबकि वास्तव में उसकी जन्म तिथि 17–12–1956 है जोकि ग्राम पंचायत में दर्ज नहीं है जिसे दर्ज करने के आदेश दिए जाएं।

इस नोटिस के द्वारा आम जनता को तथा वादियां के सम्बन्धियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त श्रीमती प्रकाशा देवी की जन्म तिथि पंजीकरण किए जाने बारा कोई एतराज हो तो हमारी अदालत में दिनांक 28–7–2008 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर उजर / एतराज पेश कर सकते हैं अन्यथा उक्त तिथि को एकतरफा कार्यवाही अमल में लाते हुए जन्म तिथि सम्बन्धित पंचायत के अभिलेख में दर्ज करने के आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 3–7–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
लड–भड़ोल, जिला मण्डी (हि0 प्र0)।

ब अदालत उप–मण्डल दण्डाधिकारी, उप–मण्डल चच्योट स्थित गोहर, जिला मण्डी (हि0 प्र0)

श्री कौर सिंह पुत्र श्री नन्द लाल, निवासी गांव घन्याड़ी, तहसील चच्योट, जिला मण्डी (हि0 प्र0) . . प्रार्थी।

बनाम

आम जनता . . प्रत्यार्थीगण।

विषय.––प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13 (2) नाम दरुस्ती बारे।

श्री कौर सिंह पुत्र श्री नन्द लाल, निवासी गांव घन्याडी, तहसील चच्योट, जिला मण्डी ने इस कार्यालय में एक आवेदन पत्र मय हल्फिया ब्यान इस आशय के साथ गुजारा है कि उस का नाम पंचायत रिकार्ड गोहर में तथा माल विभाग पटवार वृत्त गोहर में कौर सिंह पुत्र नन्द लाल दर्ज है परन्तु स्कूल प्रमाण–पत्र में कंवर सिंह पुत्र नन्दू दर्ज है। अब वह पंचायत रिकार्ड तथा राजस्व विभाग के रिकार्ड में अपना नाम कौर सिंह उर्फ कंवर सिंह पुत्र नन्द लाल उर्फ नन्दू दर्ज करवाना चाहता है।

अतः अदालती इश्तहार द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का नाम पंचायत रिकार्ड गोहर व पटवार वृत्त गोहर, तहसील चच्योट, जिला मण्डी के अभिलेख में कौर सिंह उर्फ कंवर सिंह पुत्र नन्द लाल उर्फ नन्दू दर्ज करने बारा यदि किसी को कोई उजर व एतराज हो तो वह अपना उजर एवं एतराज असालतन या वकालतन हाजर आकर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिनांक 5–8–2008 को या इससे पूर्व पेश कर सकता है। समय पर उजर व एतराज पेश न होने की सूरत में प्रार्थी के नाम की दरुस्ती के ग्राम पंचायत गोहर व पटवार वृत्त गोहर के अभिलेख में दर्ज करने के आदेश पारित कर दिए जाएंगे। बाद में एतराज मान्य नहीं होगा।

आज दिनांक 5–7–2008 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

मोहर। हस्ताक्षरित / –
उप–मण्डल दण्डाधिकारी,
चच्योट स्थित गोहर, जिला मण्डी (हि0 प्र0)।

ब अदालत श्री जगदीश जग्गी, सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी, धर्मपुर, जिला मण्डी (हि0 प्र0)

श्री वैणी माधव पुत्र श्री भीम सिंह, निवासी डिडणू, डा0 बरोटी, उप–तहसील धर्मपुर, जिला मण्डी (हि0 प्र0) . . प्रार्थी।

बनाम

आम जनता

प्रार्थी श्री वैणी माधव पुत्र श्री भीम सिंह, निवासी डिडणू, डा0 बरोटी, उप–तहसील धर्मपुर ने इस अदालत में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करते हुए उल्लेख किया है कि उसका वास्तविक नाम वैणी माधव है। परन्तु कागजात माल महाल डिडणू में उसका नाम गलत ''वीणू राम'' दर्ज चला आ रहा है। प्रार्थी ने अपने प्रार्थना–पत्र के समर्थन में अपना ब्यान हल्फिया, नकल जमाबन्दी, नकल परिवार रजिस्टर व स्कूल शिक्षा प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न प्रस्तुत कर रखे हैं।

अतः आम जनता को इस इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति आम व खास को उक्त नाम दरुस्त करने बारे कोई उजर / एतराज हो तो वह अपना उजर / एतराज दिनांक 4–8–2008 को प्रातः 10.00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। अन्यथा हाजिर न होने पर एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर मामले का निपटारा नियमानुसार कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 30–6–2008 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

मोहर। जगदीश जग्गी,
सहायक समाहर्ता, द्वितीय श्रेणी,
धर्मपुर, जिला मण्डी (हि0 प्र0)।

ब अदालत श्री बी0 सी0 मिश्रा, नायब तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील कोटली, जिला मण्डी (हि0 प्र0)

श्री राकेश पुत्र श्री जसवन्त सिंह, निवासी समराहण, ईलाका तुंगल, उप–तहसील कोटली, जिला मण्डी (हि0 प्र0) . . प्रार्थी।

बनाम

आम जनता

आवेदन पत्र राजस्व अभिलेख में नाम दरुस्ती बारे।

श्री राकेश पुत्र श्री जसवन्त सिंह, निवासी समराहण, ईलाका तुंगल, उप–तहसील कोटली, जिला मण्डी ने इस न्यायालय में आवेदन–पत्र मय शपथ–पत्र इस आशय से गुजारा है कि मेरा वास्तविक नाम राकेश है

जो ग्राम पंचायत व स्कूल प्रमाण–पत्र में दर्ज है। परन्तु राजस्व अभिलेख में राजेश दर्ज हुआ है। जिसे दरुस्त किया जाकर राकेश किया जाये।

अतः सर्वसाधारण आम जनता को बजरिया इश्तहार सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के नाम दरुस्ती बारे यदि किसी को कोई उजर / एतराज हो तो वह दिनांक 21–8–2008 या इससे पूर्व असालतन या वकालतन हाजर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है। अन्यथा हाजर न होने की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 4–7–2008 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया।

मोहर। बी0 सी0 मिश्रा,
कार्यकारी दण्डाधिकारी,
उप–तहसील कोटली, जिला मण्डी (हि0 प्र0)।

———————

ब अदालत श्री कर्म सिंह ठाकुर, कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील निहरी, जिला मण्डी (हि0 प्र0)

ब मुकद्दमा

श्री मीना राम उर्फ मीन चन्द पुत्र तवारू राम, गांव मरहड़ा, डाकखाना व उप–तहसील निहरी, जिला मण्डी, (हि0 प्र0) । . .प्रार्थी ।

बनाम

आम जनता । . .प्रत्यार्थीगण ।

प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13 (3) नाम दरूस्ती पंजीकरण अधिनियम, 1969.

श्री मीना राम उर्फ मीन चन्द पुत्र तवारू राम, निवासी मरहड़ा बदैहण, डा0 खा0 निहरी, जिला मण्डी (हि0 प्र0) वाले ने इस न्यायालय में नाम दरूस्ती हेतू प्रार्थना–पत्र पेश किया है । प्रार्थी का नाम पंचायत मरहड़ा बदैहण के जन्म एवं मृत्यु पंजीकार के अभिलेखों में व राजस्व अभिलेख में भी प्रार्थी का नाम मीन चन्द लिखा गया है । बल्कि प्रार्थी को मीना राम उर्फ मीन चन्द दोनों से जाना जाता है । नामों की भिन्नता के कारण प्रार्थी को असुविधा हो रही है । जिसकी दरूस्ती की जानी है ।

अतः इस इश्तहार के द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस बारा कोई भी उजर या एतराज हो तो वह पेशी दिनांक 28–7–08 को सुबह 10.00 बजे इस न्यायालय में असालतन या वकालतन अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है ।

आज दिनांक 28–6–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

मोहर ।

कर्म सिंह ठाकुर,
कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील निहरी,
जिला मण्डी (हि0 प्र0) ।

ब अदालत श्री कर्म सिंह ठाकुर, कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील निहरी, जिला मण्डी, (हि0 प्र0)

मिसल नं0 मरजुआ फैसला

श्री देवा नन्द वर्मा पुत्र शालीग्राम, निवासी गालहड़, डा0 सेरी कोठी, उप–तहसील निहरी, जिला मण्डी, (हि0 प्र0) । . .प्रार्थी ।

बनाम

आम जनता । . .प्रत्यार्थी ।

प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13 (3) नाम दरूस्ती पंजीकरण अधिनियम, 1969.

श्री देवा नन्द वर्मा पुत्र शालीग्राम, निवासी गालड़, डा0 सेरी कोठी, उप–तहसील निहरी ने इस अदालत में एक प्रार्थना–पत्र दायर किया है कि उसका नाम शिक्षा प्रमाण–पत्र व दस्तावेज लेखन लाईसैंस में देवा नन्द वर्मा दर्ज है। जबकि पंचायत अभिलेख में उसका नाम देवा नन्द दर्ज है । ग्राम पंचायत सेरी कोठी के अभिलेख में देवा नन्द वर्मा दर्ज किया जावें ।

अतः इस इश्तहार के द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस बारा कोई भी उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 28–7–08 को असालतन या वकालतन प्रातः 10.00 बजे अपने ऐतराज प्रस्तुत कर सकता है ।

आज दिनांक 8–7–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

मोहर ।

कर्म सिंह ठाकुर,
कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील निहरी,
जिला मण्डी (हि0 प्र0) ।

———

ब अदालत श्री कर्म सिंह ठाकुर, कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील निहरी, जिला मण्डी, (हि0 प्र0)

मिसल नं0 मरजुआ फैसला

श्री देवा नन्द वर्मा पुत्र शालीग्राम, निवासी गाल्हड़, डा0 सेरी कोठी, उप–तहसील निहरी, जिला मण्डी, (हि0 प्र0) । . .प्रार्थी ।

बनाम

आम जनता । . .प्रत्यार्थी ।

प्रार्थना–पत्र जेर धारा 13 (3) नाम दरूस्ती पंजीकरण अधिनियम, 1969.

श्री देवा नन्द वर्मा पुत्र शालीग्राम, निवासी गाल्हड़ डा0 सेरी कोठी, उप–तहसील निहरी ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना–पत्र दायर किया है कि उसके पुत्र का नाम शिक्षा प्रमाण अभिलेख में योगेश कुमार वर्मा दर्ज है परन्तु ग्राम पंचायत सेरी कोठी के अभिलेख में उसके पुत्र का नाम योगेश कुमार दर्ज है पंचायत अभिलेख में योगेश कुमार वर्मा दर्ज किया जावे ।

अतः इस इश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस बारा कोई भी उजर या एतराज हो तो वह दिनांक 28–7–08 को प्रातः 10.00 बजे असालतन या वकालतन हाजर होकर अपने ऐतराज पेश कर सकता है ।

आज दिनांक 28–6–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

मोहर ।

कर्म सिंह ठाकुर,
कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील निहरी,
जिला मण्डी (हि0 प्र0) ।

———

ब अदालत श्री जय गोपाल गुलेरिया, कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)

श्री रनजीत कुमार पुत्र श्री शाम चन्द, गांव तिंगरट, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)।

बनाम

आम जनता

विषय.– प्रार्थना–पत्र बराए ग्राम पंचायत तिंगरट में सन्तान का जन्म पैदाईश तिथि तथा नाम दर्ज करवाने हेतु।

नोटिस बनाम आम जनता।

श्री रनजीत कुमार पुत्र श्री शाम चन्द, गांव तिंगरट, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0) ने एक आवेदन पत्र शपथ–पत्र सहित इस अदालत में प्रस्तुत किया है जिसमें उसने उल्लेख किया है कि प्रार्थी को अपनी पत्नी श्रीमती यंगडोल से एक सन्तान पुत्र कर्ण दिनांक 25–3–2007 को पैदा हुआ है जो जीवित तथा हयात है। प्रार्थी बराये मजदूरी पेशा होने के कारण अकसर घर से बाहर रहता है जिस कारण अपनी सन्तान का जन्म पैदाईश तिथि व नाम ग्राम पंचायत तिंगरट, उप–तहसील उदयपुर के पैदाइश रजिस्टर में दर्ज न करवा सका। अब प्रार्थी ग्राम पंचायत तिंगरट के पैदाईश रजिस्टर तथा परिवार रजिस्टर में नाम व जन्म तिथि पंजीकृत कर दर्ज करवाना चाहता है।

अतः इस नोटिस द्वारा आम जनता एवं सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त प्रार्थी की सन्तान की जन्म तिथि व नाम ग्राम पंचायत तिंगरट में पंजीकृत कर दर्ज करवाने में कोई एतराज हो तो वह इस अदालत में दिनांक 6 अगस्त, 2008 को असालतन व वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है, अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र उपरोक्त प्रार्थी की सन्तान की जन्म तिथि व

नाम ग्राम पंचायत तिंगरट के पैदाईश रजिस्टर व परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कर पंजीकृत करवाने का आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 5–7–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर। जय गोपाल गुलेरिया,
कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर,
जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)।

———

ब अदालत श्री जय गोपाल गुलेरिया, कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)

श्री नरेन्द्र मोहन पुत्र श्री मोती लाल, गांव बारिंग, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)।

बनाम

आम जनता

विषय.– प्रार्थना–पत्र बराए ग्राम पंचायत मूरिंग में नाम दरुस्ती करवाने हेतु।
नोटिस बनाम आम जनता।

श्री नरेन्द्र मोहन पुत्र श्री मोती लाल, गांव बारिंग, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0) ने एक आवेदन पत्र शपथ–पत्र सहित इस अदालत में प्रस्तुत किया है जिसमें उसने उल्लेख किया है कि प्रार्थी का नाम स्कूल प्रमाण–पत्र व फोटो पहचान पत्र मुताबिक नरेन्द्र मोहन लिखा गया है जबकि ग्राम पंचायत मूरिंग व रैविन्यू कागजात मुताबिक प्रार्थी का नाम मोहन लाल लिखा गया है। प्रार्थी का पिता अनपढ़ व देहाती होने से गलती से ग्राम पंचायत मूरिंग के पैदाईश एवं परिवार रजिस्टर में प्रार्थी का नाम मोहन लाल लिखा दिया है और मेरे पिता की मृत्यु के समय मैं बहुत छोटी आयु का था। परिवार नकल के मुताबिक ही रैविन्यू कागजात में मोहन लाल इन्तकाल बरासत नाम चढ़ गया है। अब प्रार्थी ग्राम पंचायत मूरिंग के पैदाईश रजिस्टर तथा परिवार रजिस्टर व रैविन्यू कागजात में अपना नाम नरेन्द्र मोहन करवाना चाहता है।

अतः इस नोटिस द्वारा आम जनता एवं सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त प्रार्थी का नाम मोहन लाल का नाम नरेन्द्र मोहन ग्राम पंचायत मूरिंग के परिवार रजिस्टर एवं पैदाईश रजिस्टर व रैविन्यू कागजात में दर्ज करवाने में कोई एतराज हो तो वह इस अदालत में दिनांक 5 अगस्त, 2008 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है, अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र उपरोक्त प्रार्थी का नाम ग्राम पंचायत मूरिंग के पैदाईश रजिस्टर व परिवार रजिस्टर व राजस्व अभिलेख में नाम दरुस्ती करवाने का आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 4–7–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर। जय गोपाल गुलेरिया,
कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर,
जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)।

ब अदालत श्री जय गोपाल गुलेरिया, कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)

श्री रामनाथ पुत्र श्री धर्मनन्द, गांव कमरिंग, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)।

बनाम

आम जनता

विषय.– प्रार्थना–पत्र बराए ग्राम पंचायत मूरिंग में नाम दरुस्ती करवाने हेतु।

नोटिस बनाम आम जनता।

श्री रामनाथ पुत्र श्री धर्मनन्द, गांव कमरिंग, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0) ने एक आवेदन पत्र शपथ–पत्र सहित इस अदालत में प्रस्तुत किया है जिसमें उसने उल्लेख किया है कि प्रार्थी के पुत्र को अपनी पत्नी श्रीमती शानदेई से एक सन्तान पुत्री ममता दिनांक 10–5–2003 को पैदा हुई है जो विनोद कुमार की पहली सन्तान है। ममता का बीमार रहने व चिड़चिड़े स्वभाव की होने से पंडितों व ज्योतिषों के मुताबिक ममता का नाम बदलकर सन्जना रखना पड़ रहा है। अब प्रार्थी ग्राम पंचायत मूरिंग के पैदाईश रजिस्टर तथा परिवार रजिस्टर में ममता का नाम अब सन्जना पंजीकृत कर दर्ज करवाना चाहता है।

अतः इस नोटिस द्वारा आम जनता एवं सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त प्रार्थी के पुत्र विनोद कुमार की पुत्री ममता का नाम सन्जना ग्राम पंचायत मूरिंग के परिवार रजिस्टर एवं पैदाईश रजिस्टर में पंजीकृत कर दर्ज करवाने में कोई एतराज हो तो इस अदालत में दिनांक 5 अगस्त, 2008 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है, अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र उपरोक्त प्रार्थी के पुत्र की सन्तान का नाम ग्राम पंचायत जाहलमां के पैदाईश रजिस्टर व परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करवाने का आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 4–7–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर।

जय गोपाल गुलेरिया,
कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर,
जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)।

———

ब अदालत श्री जय गोपाल गुलेरिया, कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)

श्रीमती तन्जिन छोकू उर्फ डोलमा पत्नी श्री मोरूब उर्फ ङोसडुप दोरजे उर्फ नुरडुप दोरजे पुत्र श्री बेता छेरिंग, गांव तिंगरट, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति।

बनाम

आम जनता

विषय.– प्रार्थना–पत्र बराए राजस्व अभिलेख में नाम दरुस्ती करवाने हेतु।

नोटिस बनाम आम जनता।

श्रीमती तन्जिन छोकू उर्फ डोलमा पत्नी श्री मोरूब उर्फ ङोसडुप दोरजे उर्फ नुरडुप दोरजे पुत्र श्री बेता छेरिंग, गांव तिंगरट, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0) ने एक आवेदन पत्र शपथ–पत्र सहित इस अदालत में प्रस्तुत किया है जिसमें उसने उल्लेख किया है कि प्रार्थीनी के पति की मृत्यु दिनांक 8–10–2007 को हुई है जो हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत थे। उनका नाम राजस्व अभिलेख में मोरूब पुत्र बेता लिखा गया है और पंचायत तिंगरट, उप–तहसील उदयपुर के परिवार रजिस्टर में ङोसडुप दोरजे उर्फ अंगरूप लिखा गया है। अब प्रार्थीनी अपने पति का नाम रैवन्यू कागजात व पंचायत में मोरूब उर्फ ङोसडुप दोरजे की बजाए अंगरूप उर्फ ङोसडुप दोरजे पुत्र बेता छेरिंग करवाना चाहती है।

अतः इस नोटिस द्वारा आम जनता एवं सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त प्रार्थीनी के पति का नाम राजस्व अभिलेख व पंचायत में दरुस्ती करवाने में कोई एतराज हो तो वह इस अदालत में दिनांक 5 अगस्त, 2008 को असालतन व वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है, अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र उपरोक्त प्रार्थीनी के पति का नाम ग्राम पंचायत तिंगरट व राजस्व अभिलेख में नाम दरुस्ती करवाने का आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 4–7–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर।

जय गोपाल गुलेरिया,
कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर,
जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)।

————————

ब अदालत श्री जय गोपाल गुलेरिया, कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)

श्री प्रेम सिंह सुपुत्र श्री छेरिंग दोरजे, गांव हालिंग, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति।

बनाम

आम जनता

विषय.– प्रार्थना–पत्र बराए ग्राम पंचायत जाहलमां में जन्म पैदाईश तिथि तथा नाम दर्ज करवाने हेतु।

नोटिस बनाम आम जनता।

श्री प्रेम सिंह सुपुत्र श्री छेरिंग दोरजे, गांव हालिंग, उप तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0) ने एक आवेदन पत्र शपथ–पत्र सहित इस अदालत में प्रस्तुत किया है जिसमें उसने उल्लेख किया है कि प्रार्थी को अपनी पत्नी श्रीमती अंगर्मो से तीन सन्तान पुत्र राजेन्द्र कुमार जन्म पैदाईश तिथि 15–5–1977 तथा सुरेन्द्र कुमार जन्म पैदाईश तिथि 15–6–1979 व पुत्री सावित्री देवी दिनांक 17–9–1983 को पैदा हुई है जो जीवित तथा हयात है। प्रार्थी बराये नौकरी पेशा होने से अकसर घर से बाहर रहता है जिस कारण अपनी सन्तानों की जन्म पैदाइश तिथियां ग्राम पंचायत जाहलमां, उप–तहसील उदयपुर के पैदाईश रजिस्टर में दर्ज न करवा सका। अब प्रार्थी ग्राम पंचायत जाहलमां के पैदाईश रजिस्टर तथा परिवार रजिस्टर में नाम व जन्म तिथि पंजीकृत कर दर्ज करवाना चाहता है।

अतः इस नोटिस द्वारा आम जनता एवं सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त प्रार्थी की सन्तानों की जन्म तिथियां ग्राम पंचायत जाहलमां में पंजीकृत कर दर्ज करवाने में कोई एतराज हो तो इस अदालत में दिनांक 6 अगस्त, 2008 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है, अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र उपरोक्त प्रार्थी की सन्तानों का नाम तथा जन्म

तिथियां ग्राम पंचायत जाहलमां के पैदाईश रजिस्टर व परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करवाने का आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 5–7–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर। जय गोपाल गुलेरिया,
कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर,
जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)।

———

ब अदालत श्री जय गोपाल गुलेरिया, कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)

श्री छेरिंग दोरजे सुपुत्र श्री तेन्जिन, गांव जाहलमां, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति।

बनाम

आम जनता

विषय.– प्रार्थना–पत्र बराए ग्राम पंचायत जाहलमां के परिवार रजिस्टर एवं पैदाईश रजिस्टर में जन्म तिथि दर्ज करवाने हेतु।

नोटिस बनाम आम जनता।

श्री छेरिंग दोरजे सुपुत्र श्री तेन्जिन, गांव जाहलमां, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0) ने एक आवेदन पत्र शपथ–पत्र सहित इस अदालत में प्रस्तुत किया है जिसमें उसने उल्लेख किया है कि प्रार्थी के पुत्र रमेश की जन्म पैदाइश तिथि स्कूल प्रमाण–पत्र मुताबिक 4–3–1977 है। रमेश की जन्म पैदाईश तिथि ग्राम पंचायत जाहलमां, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति के पैदाईश रजिस्टर तथा परिवार रजिस्टर में दर्ज नहीं है। प्रार्थी अनपढ़ एवं देहाती आदमी है, जब रमेश पैदा हुआ तो गलती से ग्राम पंचायत जाहलमां, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति के पैदाइश रजिस्टर में जन्म तिथि दर्ज न करवा सका जो कि अब प्रार्थी रमेश की जन्म तिथि ग्राम पंचायत जाहलमां, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति के पैदाइश रजिस्टर व परिवार रजिस्टर में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः इस नोटिस द्वारा आम जनता एवं सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त प्रार्थी के पुत्र रमेश की जन्म तिथि ग्राम पंचायत जाहलमां में दर्ज करवाने में कोई एतराज हो तो वह इस अदालत में दिनांक 7 अगस्त, 2008 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है, अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र उपरोक्त प्रार्थी के पुत्र रमेश की जन्म तिथि 4–3–1977 ग्राम पंचायत जाहलमां के पैदाईश रजिस्टर व परिवार रजिस्टर में पंजीकृत कर दर्ज करवाने का आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 5–7–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर। जय गोपाल गुलेरिया,
कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर,
जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)।

ब अदालत श्री जय गोपाल गुलेरिया, कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)

श्री रविन्द्र सुपुत्र श्री छेरिंग दोरजे, गांव शुक्टो, उप–मण्डल उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति।

बनाम

आम जनता

विषय.– ग्राम पंचायत तिंगरट के परिवार रजिस्टर एवं पैदाईश रजिस्टर में नाम दर्ज करवाने हेतु।

नोटिस बनाम आम जनता।

प्रार्थी श्री रविन्द्र सुपुत्र श्री छेरिंग दोरजे, गांव शुक्टो, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0) ने एक आवेदन पत्र शपथ–पत्र सहित इस अदालत में प्रस्तुत किया है जिसमें उसने उल्लेख किया है कि प्रार्थी के छोटे भाई सोनम टशी की मृत्यु दिनांक 3–5–2008 को हुई है। सोनम टशी को अपनी पत्नी छेवांग लामो से एक सन्तान दोरजे दिनांक 11–2–2004 को व अंगमो दिनांक 3–3–2005 को व तीसरी सन्तान सुजल दिनांक 10–9–2007 को पैदा हुई है। प्रार्थी का भाई अनपढ़ एवं देहाती होने से समय पर अपने उपरोक्त बच्चों का जन्म पैदाईश तिथि ग्राम पंचायत तिंगरट के पैदाईश तथा परिवार रजिस्टर में दर्ज न कर सका। अब प्रार्थी ग्राम पंचायत तिंगरट, उप–तहसील उदयपुर, जिला लाहौल स्पिति के परिवार रजिस्टर तथा पैदाईश रजिस्टर में उपरोक्त बच्चों का नाम व जन्म तिथियां पंजीकृत कर दर्ज करवाना चाहता है।

अतः इस नोटिस द्वारा आम जनता एवं सम्बन्धित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उपरोक्त बच्चों के ग्राम पंचायत तिंगरट के परिवार रजिस्टर एवं पैदाईश रजिस्टर में नाम दर्ज करवाने में कोई एतराज हो तो इस अदालत में दिनांक 6 अगस्त, 2008 को असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना एतराज पेश कर सकता है, अन्यथा मुताबिक शपथ–पत्र उपरोक्त बच्चों का नाम व जन्म तिथियां ग्राम पंचायत तिंगरट के परिवार रजिस्टर एवं पैदाईश रजिस्टर में नाम दर्ज करवाने का आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 5–7–2008 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया।

मोहर।

जय गोपाल गुलेरिया,
कार्यकारी दण्डाधिकारी, उप–तहसील उदयपुर,
जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0)।

———

ब अदालत इं अनुपम कुमार, तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, लाहौल स्थान केलांग, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0 प्र0)

श्री तण्डुप छेपल सुपुत्र श्री दन्डुप ज्ञालछन, गांव रंगरिक, तहसील लाहौल, जिला लाहौल स्पिति।

बनाम

आम जनता

विषय.– ग्राम पंचायत कोलंग के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में शादी पंजीकृत / बच्चों का नाम जन्म तिथियां दर्ज करने बारे।

श्री तण्डुप छेपल सुपुत्र श्री दन्डुप ज्ञालछन, गांव रंगरिक, तहसील लाहौल, जिला लाहौल स्पिति (हि0 प्र0) ने शपथ–पत्र व प्रार्थना–पत्र सहित आवेदन किया है कि उनकी शादी 15–4–1991 को श्रीमती छेतन डोलमा पुत्री श्री नोरबू राम, गांव जोबरंग के साथ स्थानीय रीति रिवाज के साथ हुई थी। लेकिन किसी कारणवश वह अपनी शादी का पंजीकरण ग्राम पंचायत कोलंग के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में पंजीकरण नहीं करवा पाया, जिसे अब पंजीकरण करवाना चाहते हैं साथ ही प्रार्थी अपने बच्चों का नाम व जन्म तिथियां क्रमशः सोनम छोमो जन्म तिथि 19–9–1992, छेरिंग टशी 27–12–1998 को ग्राम पंचायत कोलंग के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज करवाना चाहते हैं।

अतः इस इश्तहार द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति को श्री तन्डुप छेपल के शादी पंजीकरण तिथि 15–4–1991 व उनके बच्चों का नाम व जन्म तिथियों को ग्राम पंचायत कोलंग के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज करने सम्बन्धी कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 2–8–2008 को या इससे पहले अदालत हजा में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। तिथि समाप्ति के पश्चात् कोई भी उजर / एतराज समायत नहीं होगा तथा नियमानुसार इस प्रार्थना–पत्र पर कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक 2–7–2008 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

मोहर। इं अनुपम कुमार,
तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी,
लाहौल स्थान केलांग, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0 प्र0)।

———

ब अदालत इं अनुपम कुमार, तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, लाहौल स्थान केलांग, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0 प्र0)

श्री रामसिंह सुपुत्र श्री खाची राम, गांव सिस्सू, तहसील लाहौल, जिला लाहौल स्पिति।

बनाम

आम जनता

विषय.– ग्राम पंचायत सिस्सू के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में नाम व जन्म तिथि दर्ज करने बारे।

श्री रामसिंह सुपुत्र श्री खाची राम, गांव सिस्सू, तहसील लाहौल ने शपथ–पत्र व प्रार्थना–पत्र सहित आवेदन किया है कि किसी कारणवश वह अपने बच्चों का नाम व जन्म तिथियां ग्राम पंचायत सिस्सू के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज नहीं करवा सका था जिसे अब दर्ज करवाना चाहते हैं। बच्चों के नाम व जन्म तिथियां निम्न प्रकार से हैं;–

क्रम संख्या	नाम	जन्म तिथि
1.	रजनी पुत्री रामसिंह	13–8–1981
2.	दीपक कुमार पुत्र रामसिंह	23–10–1986
3.	रीना पुत्री रामसिंह	20–2–1989
4.	अर्चना पुत्री रामसिंह	11–11–1990

अतः इस इश्तहार द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति को श्री रामसिंह के उक्त बच्चों का नाम व जन्म तिथियों को ग्राम पंचायत सिस्सू के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण

रजिस्टर में दर्ज करने सम्बन्धी कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 2–8–2008 को या इससे पहले अदालत हजा में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। तिथि समाप्ति के पश्चात् कोई भी उजर / एतराज समायत नहीं होगा तथा नियमानुसार इस प्रार्थना–पत्र पर कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक 2–7–2008 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

मोहर। इं अनुपम कुमार,
तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी,
लाहौल स्थान केलांग, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0 प्र0)।

———

ब अदालत इं अनुपम कुमार, तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी, लाहौल स्थान केलांग, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0 प्र0)

श्रीमती पार्वती देवी पत्नी श्री नन्द लाल, गांव शुगू, तहसील लाहौल, जिला लाहौल स्पिति।

बनाम

आम जनता

विषय.– पंजीकरण जन्म एवं मृत्यु लाहौल स्पिति स्थान केलांग के पंजीकरण रजिस्टर में नाम व जन्म तिथि पंजीकरण करने बारे।

श्रीमती पार्वती देवी पत्नी श्री नन्द लाल, गांव शुगू, तहसील लाहौल ने शपथ–पत्र व प्रार्थना–पत्र सहित आवेदन किया है कि उनकी पुत्री हीना कटोच का नाम व जन्म तिथि 26–2–1989 को किसी कारणवश पंजीकाध्यक्ष जन्म एवं मृत्यु लाहौल स्पिति स्थान केलांग के पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज नहीं कर सका, जिसे अब दर्ज करवाना चाहती है।

अतः इस इश्तहार द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति को हीना कटोच पुत्री नन्द लाल, गांव शुगू का नाम व जन्म तिथि 26–2–1989 को पंजीकाध्यक्ष, जन्म एवं मृत्यु लाहौल स्पिति स्थान केलांग के पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज करने सम्बन्धी कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 2–8–2008 को या इससे पहले अदालत हजा में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है तिथि समाप्ति के पश्चात् कोई भी उजर / एतराज समायत नहीं होगा तथा नियमानुसार इस प्रार्थना–पत्र पर कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक 2–7–2008 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

मोहर। इं अनुपम कुमार,
तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी,
लाहौल स्थान केलांग, जिला लाहौल एवं स्पिति (हि0 प्र0)।

नियन्त्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला–5 द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशित